'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 46 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए बुधवार, 01 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## कांग्रेस को खत्म करने की जिम्मेदारी राहुल गांधी ने ली हुई है : मनोहर लाल

### महात्मा गांधी का अनुयायी बताने वाला राहुल, महात्मा गांधी के पासंग में भी नहीं : मनोहर लाल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/भिवानी, 30 अप्रैल।** मंगलवार को तोशाम विधानसभा के कस्बा कैरू में आयोजित विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कांग्रेस पर खूब हमलावर रहे। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को नसीहत भी दी और कांग्रेस की नीतियों पर जमकर निशाना भी साधा। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस जितनी जल्दी राहुल को कांग्रेस के रास्ते से हटा दे तो कांग्रेस मुकाबले में टिक सकती है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी ने ही कांग्रेस को खत्म करने की जिम्मेदारी ली हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास ना नेता है और नीति है। राहुल गांधी के बयानों पर चुटकी लेते हुए मनोहर लाल ने कहा कि राहुल गांधी बोलते हैं वह महात्मा गांधी के अनुयायी हैं। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि राहुल महात्मा गांधी के पासंग में भी नहीं है, हां इतना जरूर है कि महात्मा गांधी के कांग्रेस को खत्म करने के सपने को जरूर राहुल गांधी साकार कर रहे हैं।

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में बोलते हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने हर व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच रचनात्मक एवं सकारात्मक है। डबल इंजन सरकार ने जीरो टोलरेंस के मानक को अपनाया और इसका सीधा लाभ प्रदेश के आम परिवार को दिया है। मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां देने का काम किया है।

रैली में मनोहर लाल ने कहा कि अब मैं ना तो सीएम और ना ही आप मुझे पूर्व सीएम कहे, मैं तो सिर्फ आपका भाई मनोहर लाल हूं जो हमेशा आपकी सेवा में तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों के बीच हमेशा आता रहूंगा। पूर्व सीएम ने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चौधरी धर्मबीर सिंह को भारी बहुमत से जीताने का काम करें। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में डबल इंजन सरकार ने काफी किए हैं, अगर कुछ काम रह भी गए हैं तो उन्हें भी पूरा किया जाएगा। भाजपा सरकार ने पूरे हरियाणा में इंफ्रस्ट्रक्चर को मजबूत किया है।

पानी के बारे में बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि पानी यहां की सबसे बड़ी जरूरत है। हथनी कुंड से एक पाइप लाइन दक्षिणी हरियाणा तक लाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र में कहीं बड़ा टैक का निर्माण भी कराएंगे ताकि बरसात का पानी एकत्रित हो सके और खेती के काम आ सके। मनोहर लाल ने कहा कि बंसीलाल के कार्यकाल में नाले और खाले बनाए गए थे। हमारी सरकार ने यहां के 300 टेलों में से 293 टेलों तक पानी पहुंचाया है।

पूर्व सीएम ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार और हरियाणा की सरकार ने बहुत काम किए हैं। भाजपा सरकार के कामों को देखकर कांग्रेस बौखला गई है। कांग्रेस की बौखलाहट है कि भाजपा ने 10 साल में इतना काम कैसे कर दिया जबकि कांग्रेस 55 साल में नहीं कर पाई। यही बौखलाहट कांग्रेस की बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में हार का भी डर सता रहा है।

मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा ने 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीजेपी 400 सीटों का लक्ष्य जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं के दम पर पूरी करेगी। पूर्व सीएम ने राहुल गांधी को भी भाजपा को जिताने का श्रेय दिया। पूर्व सीएम ने कहा कि राहुल गांधी की भाषा इस तरह की है उसका फायदा भाजपा को ही मिलता है।

कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा पर तंज कसते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के लोग हिसाब-किताब में कच्चे हैं। 48 लाख करोड़ के बजट खत्म हो जाएगा तब भी कांग्रेस अपने वादे को पूरा नहीं कर पाएगी। पूर्व सीएम ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने योजनाएं बनाई है। महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बन रही हैं।

मनोहर लाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। पीएम मोदी के नेतृत्व का लोहा आज पूरा विश्व मानता है। अगर दुनिया के किसी देश में कोई परेशानी आती है तो वे मोदी की तरफ देखते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी लोग चौधरी धर्मबीर सिंह को प्रचंड बहुमत से जीताकर संसद भेंजे।

**भाजपा सरकार ने नहरों तक पानी पहुंचाकर किसानों को जीवनदान दिया : दलाल**

रैली को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल का उनके क्षेत्र से काफी लगाव रहा है। वर्षो से नकारा पड़ी नहरों में पानी आया और किसानों को जीवनदान मिला। भिवानी जिला में अनेक बहुआयामी योजनाएं लागू की गई। समय-समय पर मुख्यमंत्री दौरा करके स्थिति की समीक्षा करते रहे, ताकि योजनाएं पूरी तरह से लागू हो। श्री दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो काम किए, उसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है। महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर ङ्क्षसह भारी बहुमत से विजयी हासिल कर जीत की हैट्रिक लगाएंगे। इसके बाद इस क्षेत्र के विकास में अनेक नए अध्याय जुड़ेंगे।

**दोगुनी गति से घूमेगा विकास का पहियां : चौधरी धर्मबीर सिंह**

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा पार्टी ने तीसरी बार विश्वास कर मैदान में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र के विकास का पहिया निरंतर घूम रहा है और आगे भी घूमता रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र से अनेक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे और फ्लाई ओवर बने हैं। चंडीगढ़ जाना आसान हुआ है। अगर अब जनता भिवानी से चंडीगढ़ जाना चाहते है तो केवल अढ़ाई से पौने तीन घंटे में पहुंच सकते हैं।

धर्मबीर सिंह ने कहा कि नहरों का विकास हुआ है। अनेक रेल मार्गो पर लंबी दूरी की रेलगाडि़यां चली हैं। इसके अलावा भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में विकास के लिए अनेक योजनाओं पर काम चल रहा है। कुछ को अमलीजामा पहना दिया गया है और कुछ परियोजनाओं को आने वाले समय में स्वीकृति मिल जाएंगी तो निश्चित रूप से विकास की बयान दोगुनी गति से बहेगी।

वहीं विधायक शशी रंजन परमार ने भी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चौ. धर्मबीर सिंह इस बार हरियाणा में जीत का कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार के भ्रम में ना पड़े और धर्मबीर सिंह को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़, लोकसभा संयोजक शंकर धूपड़, जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व शिव कुमार पाराशर, अनिता मलिक,ठा विक्रम सिंह, मीना परमार, संदीप श्योराण, मनोज तंवर, नरेश कुड़ल, विजय शेखावत, रविंद्र बापोंड़ा, लाला प्रधान, हर्षदीप दुडेजा, रमेश लालावास, दीपक तंवर, सुनील डावर, जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान, शिवराज बागड़ी, सोनू सैनी, प्रदीप कैरू, मुनीपाल तंवर, कुलदीप मेहला, नरेंद्र दरियापुर, राजपाल कड़वासरा, भरत सिंह, महेंद्र यादव, अनिल शर्मा, राजकुमार जांगड़ा, अशोक धानिया, वजीर विस्तारक, नागेश चेयरमैन, सोनू चेयरमैन, विजेंद्र वाईस चेयरमैन, विजय लालावास, महेंद्र कैरू, विनोद पथराली, सुरेंद्र बीडीसी, नरेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव प्रचार में सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले के चलने की नहीं होगी अनुमति

### रोड शो में पशुओं व स्कूल वर्दी में बच्चों को शामिल करने पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 30 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के समय रोड शो, चुनाव रैलियों के लिए जनसाधारण को असुविधा न हो इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि केवल चुनाव प्रचार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले के चलने की अनुमति नहीं होगी। सभी बड़े वाहनों के काफिलों में यदि कोई केंद्रीय मंत्री, राज्य का मंत्री या अन्य विशेष व्यक्ति शामिल है तो काफिलों को 10 वाहनों में तोड़ा जाएगा और दूसरे काफिले में कम से कम 100 मीटर का फासला होगा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि एक बाइक पर एक से डेढ़ फीट के झंडे को साथ लेकर चलने की अनुमति होगी। रोड शो के समय जनसाधारण की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाएगा और आधी सड़क पर आवाजाही की अनुमति होगी। रोड शो में पशुओं व स्कूल वर्दी में बच्चों को शामिल करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगा। रोड़ शो के दौरान पटाखे फोड़ने व हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

**रात 10 से प्रात: 6 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध**

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर या वाहनों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के प्रयोग पर रात 10 से प्रात: 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हर प्रकार के चुनाव प्रचार पर निगरानी रखेंगे और आयोग को रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से सूचित करेंगे।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं चुनाव आइकन**

श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा का मतदाता राजनैतिक रूप से जागरूक है फिर भी आयोग ने भी गैर राजनैतिक विभूतियों को चुनाव का आइकन बनाया है। संयोग से फिल्म अभिनेता राजकुमार राव जो कि राष्ट्रीय आइकन हैं वे मूल रूप से हरियाणा से हैं और ओलंपियन सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा भी हरियाणा के रहने वाले हैं। इसी प्रकार फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना का संबंध से हरियाणा है। उन्होने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने जिलों का चुनाव आइकन बनाए। उनका मतदान केंद्रों पर कट आउट व सेल्फी प्वाइंट भी बनाए। इसके अलावा पहली बार मतदान कर रहे युवाओं को चुनाव का पर्व-देश का गर्व के बारे भी जानकारी दें। स्वीप कार्यक्रमों के तहत पेंटिंग, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी इत्यादि की प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं और प्रतिभागियों को सम्मानित करें।

**गायक राहुल फैजलपुरिया को भी गुरुग्राम का बनाया गया है आइकॉन**

श्री अग्रवाल ने बताया कि हरियाणवी गायक राहुल फैजलपुरिया को गुरुग्राम का चुनाव आईकान बनाया है। इससे पहले एशियाई गेम्स 2023 में निशानेबाज़ी में स्वर्ण पदक विजेता पलक को झज्जर जिले के लिए, 19वें एशियाई गेम्स में निशानेबाज़ी में रजत पदक विजेता आदर्श सिंह को फरीदाबाद जिले के लिए , 19वें सीनियर पैरा पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली सुमन देवी व भोपाल में हुई नेशनल स्कूल गेम्स में राज्य की टीम की खिलाडी याशिका को पानीपत जिले के लिए तथा 19वें एशियाई गेम्स में निशानेबाज़ी में रजत पदक विजेता सरबजोत सिंह को अंबाला जिले के लिए आइकॉन बनाया गया है।

इसी प्रकार विश्व चैंपियन में स्वर्ण पदक विजेता महिला पहलवान सोनम मलिक को सोनीपत जिले के लिए, ओलमपिक हॉकी खिलाड़ी सुरिंदर कौर को कुरुक्षेत्र जिले के लिए तथा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गायकी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मुस्कान फतेहाबाद के लिए जिला चुनाव आइकॉन बनाया गया है।

## बिजली मंत्री रणजीत चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर

### विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के सम्मुख पहुंचकर की पुष्टि



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 58 के तहत बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का विधायक पद से त्याग-पत्र स्वीकार कर लिया है। चौटाला ने मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत होकर अपने त्याग पत्र की पुष्टि की। उन्होंने अपना त्याग पत्र संदेशवाहक के माध्यम से 24 मार्च को विधान सभा सचिवालय को भेजा था। इसकी पुष्टि के लिए विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उन्हें पहले 23 अप्रैल को और बाद में 30 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए पत्र लिखा था।

इससे पूर्व रणजीत सिंह चौटाला ने विस अध्यक्ष को फोन कर निजी कारणों का हवाला देते हुए 23 अप्रैल को विधान सभा पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की थी। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें 30 अप्रैल को आने के लिए कहा था। 30 अप्रैल को चौटाला विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के सम्मुख प्रस्तुत हुए और अपने त्याग पत्र की पुष्टि की।

गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 58 में त्याग-पत्र देने और उसे स्वीकार करने की व्यवस्था दी गई है। इस नियम के भाग (1) के उपभाग (क) में कहा गया है कि यदि कोई सदस्य, अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से अपना त्याग-पत्र देता है तथा अध्यक्ष को उसके प्रतिकूल कोई सूचना नहीं है तो उसे तुरन्त स्वीकार किया जा सकता है। वहीं इस भाग के उपभाग (ख) में कहा गया है कि यदि विधान सभा का कोई सदस्य डाक द्वारा अथवा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से अपना त्याग पत्र भेजता है तो विधान सभा अध्यक्ष त्याग पत्र देने वाले सदस्य से इसकी पुष्टि करेंगे। पुष्टि के बाद ही त्याग-पत्र स्वीकार किया जा सकता है। इसी नियम के उपभाग (ग) में कहा गया है कि कोई भी सदस्य अपने त्याग-पत्र को अध्यक्ष द्वारा इसके स्वीकार किए जाने से पूर्व किसी भी समय वापस ले सकता है।



# दिल्ली की जनता को मोदी जी पर अडिग भरोसा : धनखड़

**दिल्ली प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने कराया बांसुरी स्वराज का नामांकन**

**देश की प्रतिष्ठित सीटों में शुमार नई दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं बांसुरी स्वराज**

**अपनी संभावित हार देखकर बुरी तरह बोखलाया इंडी गठबंधन - बोले धनखड़**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने मंगलवार को देश की प्रतिष्ठित सीटों में शुमार नई दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज का नामांकन कराया। रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नामांकन जमा करने से पहले पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से हवन में पूर्ण आहुति डाली गई । हवन उपरांत केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, दिल्ली प्रभारी औमप्रकाश धनखड़, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, हरियाणा के पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा सहित जोश व उत्साह के साथ उमड़े जनसैलाब के नारों के बीच बांसुरी स्वराज ने अपना नामांकन दाखिल किया ।

दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को नई दिल्ली से ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा है । देश की जनता के साथ दिल्ली के लोग भी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनमत के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। दिल्ली प्रदेश की सातों सीटों पर भाजपा बड़े बहुमत के साथ जीत रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के भ्रष्ट गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। दिल्ली के समझदार मतदाता मोदी के कुशल व सशक्त नेतृत्व में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं।

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल में बंद आप के नेताओ पर कौन भरोसा करेगा,जो कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को खत्म करने के लिए राजनीति में आए और पार्टी बनाई , लोगों ने विश्वास किया था। दिल्ली और देश की जनता दिल्ली की भ्रष्ट सरकार पर कैसे विश्वास करेगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश अनवरत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव में अपनी संभावित हार देखकर बुरी तरह बोखलाया हुआ है और देश की जनता को गुमराह करने पर लगा हुआ है।

इंडी गठबंधन द्वारा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी अफवाह फैलाई जा रही हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी अफवाह फैलाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है। हमारा संकल्प पत्र और पार्टी की नीति है कि सबका साथ - सबका विकास और सबका विश्वास। भाजपा देश को धर्म और जाति के आधार पर बांटने वालों के मंसूबे पूरे नहीं होने देगी।

# क्षेत्र का विकास ही राव इंद्रजीत की प्राथमिकता : आरती राव

## राव के प्रयासों से बदली क्षेत्र की दिशा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है। उनके ही प्रयासों की गुरुग्राम -पटौदी -रेवाड़ी नेशनल हाईवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। 6000 करोड़ की लागत से केएमपी एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो गया है। यह विचार केंद्रीय मंत्री और गुड़गांव प्रत्याशी राव इंद्रजीत की बेटी आरती राव ने अपने जनसंपर्क अभियान में एक दर्जन गांवों की जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । आरती राव मंगलवार को पुखरपुर, जमालपुर , मोकलवास ताजनगर, खरकड़ी, बांसलांबी, खवासपुर, बावड़ा बांकीपुर फाजिलपुर बादली, जोनियावास, खंडेवला, मिलकपुर, इंच्छापुरी गांव का दौरा कर अपने पिता राव इंद्रजीत के लिए वोट मांगने का कार्य किया। आरती राव ने कहा कि उनके पिता ने क्षेत्र के मान सम्मान को हमेशा बढ़ाने का कार्य किया है , हमेशा जनहित को उन्होंने प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के हक की लड़ाई लड़ी है ।

उन्होंने कहा कि केएमपी के साथ जा रहा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर आने वाले दिनों में इस क्षेत्र की तस्वीर को बदलने में सहायक सिद्ध होगा। ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से यहां के लोगों का सीधा जुड़ाव पलवल व सोनीपत से हो जाएगा इस योजना पर 5 हजार करोड रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत ने अपने क्षेत्र का विकास कराने तथा बड़े प्रोजैक्ट लाने की दिशा में बहुत काम किया है। उनके विकास के काम को देखते हुए पिछले चुनाव से भी अधिक मतों से जिताकर संसद में भेजें। इस अवसर पर पूर्व विधायक विमला चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष दीपाली चौधरी, अध्यक्ष सुरेश यादव, नगर पालिका वाइस चेयरमैन जयंती चौधरी, जिला पार्षद रितु यादव, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अनेक गांवों के सरपंच व जिला पार्षद उपस्थित थे।

# हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित




**नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 85.31 व स्वयंपाठी का 65.32 प्रतिशत रहा**

**मुक्त विद्यालय फ्रेश कैटेगरी का परिणाम 35.83 व रि-अपीयर का 48.71 प्रतिशत रहा**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 30 अप्रैल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) वार्षिक परीक्षा-2024 का परिणाम आज घोषित किया जा रहा है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बाद दोपहर बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट 222.ड्ढह्यद्गद्ध.श्लह्द्ग.द्बठ्ठ पर देख सकते हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ वी. पी. यादव ने आज बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सैकण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 85.31 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 65.32 फीसदी रहा है।

उन्होंने बताया कि सीनियर सैकण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 213504 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 182136 उत्तीर्ण हुए तथा 6169 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस परीक्षा में 105993 प्रविष्ठ छात्राओं में से 93418 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 88.14 रही, जबकि 107511 छात्रों में से 88718 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 82.52 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 5.62 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 83.35 रही तथा प्राइवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 88.12 रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 86.17 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 83.53 रही है। उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला महेंद्रगढ़ टॉप तथा जिला नूंह पायदान पर सबसे नीचे रहा।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि यह परिणाम आज दोपहर बाद से संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाउनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

उन्होंने आगे बताया कि सीनियर सैकण्डरी परीक्षा के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 65.32 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 5672 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से 3705 पास हुए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्मतिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्मतिथि भरते हुए देख सकते हैं।

## स्मार्ट ग्रिड परियोजना गुरूग्राम के 5200 पुराने पीसीसी खंभों का होगा निपटान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट के तहत उतारे गए लगभग 5200 पुराने पीसीसी खंभों का निपटान होगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक (प्रोजेक्ट) सुरेश कुमार बंसल ने बताया कि गुरुग्राम में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बिजली के 11 केवी फीडर्स को भूमिगत किया गया है और पुराने खंभों को हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन खंभों को अभी तक सहेजा नहीं गया और वे पुन: उपयोग के लिए अस्वस्थ घोषित किए गए हैं। ऐसे 9 मीटर के 1300 और 11 मीटर के 3900 पीसीसी खंभे गुरुग्राम शहर में 7 किलोमीटर के दायरे में विभिन्न स्थानों पर रखे गए हैं। डीएचबीवीएन का इरादा इन पीसीसी खंभों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से निपटान करने का है। इन पीसीसी खंभों को उठाने और निपटाने में रुचि रखने वाली कंपनियां 10 मई 2024 को या उससे पहले स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट के गुरुग्राम स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय, हेतरी हाउस, आईडीसी में संपर्क कर अपना वित्तीय प्रस्ताव जमा कर सकती हैं।

# पटौदी जाटोली मंडी परिषद भुगतान करे तो बन जाएगा अंडरपास सब वे



**हेलीमंडी जाटोली रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे अंडरपास का मामला**

**यहां अंडर पास बनने पर खर्च होगी 8 करोड रुपए से अधिक रकम**

**रेलवे इंजीनियर विंग का रेलवे बोर्ड के द्वारा भेजा गया प्रस्ताव मंजूर**

**पिछली 7 मार्च को भी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के सामने उठाया था मामला**

**अंडरपास बनने से आरओबी के दोनों तरफ दुकानदारों को होगा लाभ**

**पिछले एक दशक से अधिक समय से अंडरपास बनाने की मांग**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**जाटोली 30 अप्रैल।** यदि पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद प्रशासन के द्वारा 8 करोड रुपए के भुगतान रेलवे प्रशासन को कर दिया जाए हेली मंडी जाटोली आर ओ बी के दोनों तरफ के दुकानदारों को बहुत बड़ी राहत मिल जाएगी । हेली मंडी जाटोली आर ओ बी के नीचे अंडरपास अथवा सबवे बनाने की पिछले एक दशक से अधिक समय से क्षेत्र के लोगों और स्थानीय दुकानदारों के द्वारा लगातार मांग की जाती आ रही है । यह मामला पिछली 7 मार्च को जाटोली फाटक पर अंडरपास का उद्घाटन करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के संज्ञान में भी लाया गया। मौके पर मौजूद उत्तर रेलवे दिल्ली डिवीजन के डीआरएम ने इस समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा था स्थानीय प्रशासन अंडरपास का खर्च भुगतान करें तो प्रोजेक्ट जल्दी पूरा किया जा सकता है । इस प्रोजेक्ट पर 8 करोड़ से अधिक रकम खर्च होने का अनुमान लगाया गया है । इस प्रकार से अब हेली मंडी जाटोली आर ओ बी के नीचे अंडरपास अथवा सबवे बनाने की गेंद पूरी तरह से पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद के पाले में पहुंच गई है।

हेली मंडी जाटोली टोडापुर और आसपास के कई दर्जन गांव के लोगों के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है कि जो पिछले कई वर्षो से हेली मंडी जाटौली के फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास बनाने कि एक लंबी लड़ाई लड़ जा रही थी अब उसके सुखद परिणाम आने शुरू हो गए हैं। रेलवे के इंजिनियर विभाग के अधिकारियों द्वारा फ्लावर के नीचे अंडरपास बनाने के लिए रेलवे बोर्ड को अनुरोध भेजा गया था। जिस अनुरोध को रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। दैनिक रेल यात्री संघ पटौदी के अध्यक्ष योगिन्द्र चौहान के अनुसार इस अंडरपास को बनाने में 8 करोड़ 1 लाख 93 हजार 53 रूपए का खर्चा आएगा। इस राशि को नगरपरिषद पटौदी मंडी द्वारा वहन किया जाएगा तथा योजना और सर्वेक्षण शुल्क के लिए कुल राशि का 2 प्रतिशत यानी 16 लाख 3 हजार 8 सौ 61 रूपए पहले जमा करवाने होंगे।

जिसके बाद ही रेलवे के इंजिनियर विभाग द्वारा अंडरपास का सर्वे और डिजाइन किया जाएगा। सर्वे कंप्लीट हो जाने के बाद मोदी जाटोली मंडी नगर परिषद प्रशासन को संपूर्ण राशी 80193053 रूपए रेलवे विभाग में जमा करवाने होंगे। जिसके बाद रेलवे द्वारा टैंडर प्रकिया शुरू कर दी जाएगी। यह अंडरपास 16 फिट चौड़ा और 8 फिट ऊंचा बनेगा। इस अंडरपास के बनने पर अनेक गांवों के लोगों के साथ स्थानीय निवासियों और सबसे महत्वपूर्ण यहां के दुकानदारों को फायदा मिलेगा । फ्लाईओवर के नीचे अपना अपना अर्सतित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही विभिन्न मार्केट और दुकानदारों के व्यवसाय सहित कामकाज में भी तेजी आ जाएगी। इतना ही नहीं जाटोली की तरफ से हेली मंडी क्षेत्र में आने वाले छात्र-छात्राओं को भी अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा । इस कार्य के लिए योगिन्द्र चौहान ने केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# कुमारी सैलजा के रोड शो में उमड़ा भारी जनसैलाब, लोगों ने पुष्पवर्षा कर किया जोरदार स्वागत

## हवा हमारे पक्ष में, हमें एकजुट होकर न्याय और संविधान बचाने के लिए लड़ाई लड़नी है, जीत हमारी होगी : कुमारी सैलजा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/फतेहाबाद /रतिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने मंगलवार को फतेहाबाद, रतिया और टोहाना विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया और कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। उनके स्वागत में जगह जगह पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उमड़े, जिनमें स्वागत करने की होड़ लगी हुई थी, वाहनों का काफिला इतना लंबा था कि जगह जगह पर यातायात जाम रहा। सैलजा के अपने बीच पाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता भाजपा की हकीकत जान चुकी है, आज हवा कांग्रेस के पक्ष में हमें एकजुट होकर न्याय के लिए और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी है जीत हमारी होगी।

कुमारी सैलजा का दौरा फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव गिल्लाखेड़ा से शुरू हुआ, दरियापुर मोड़ पर पूर्व सीपीएस एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा और उनके पुत्र आनंदवीर सिंह गिल्लाखेड़ा ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था। वाहनों के काफिले के साथ मंगलम रिसोर्ट, बत्रा धर्मशाला, अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टेंड, जवाहर चौक, स्व. वीरेंद्र नारंग पार्किंग, तुलसीदास चौक, भगवान वाल्मीकि चौक, रतिया चुंगी से होते हुए केपी पंप पर पहुंची। बाद में उनके काफिले ने रतिया विधानसभा क्षेत्र के गांव अलायकी में प्रवेश किया जहां पर लोगों ने उनकी गर्मजोशी से स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। बाद में वे गांव अहरवां, हमजापुर ढाणी, रतिया शहर, शहीद भगत सिंह चौक नाथवन और बाद में चिम्मों पहुंची। उनका अभूतपूर्व स्वागत देखते ही बनता था। बाद में उन्होंने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव नन्हेडी में प्रवेश किया जहां से वे कूलां, अक्कांवाली, जमालुपर शेखा, अंबेडकर चौक, कैची चौक होते हुए टोहना शहर में पहुंची।

रतिया शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान किसान, मजदूर, गरीब, दुकानदार, कर्मचारी सभी के हकों की रक्षा करता है पर आज यह मोदी सरकार इस संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है जिस हम किसी भी सूरत में पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आज जो काफिला देखा उसे देखकर कहा जा सकता है कि आपने तो डंका ही बजा दिया। उन्होंने कहा कि मेरा और मेरे पिता जी चौ. स्व. दलबीर सिंह का क्षेत्र से काफी पुराना नाता रहा है। आज हम सभी को एकजुट होकर इस समाज को, धर्म को जाति को बचाने के लिए लड़ाई लडनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है, हर कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर लोगों को जागरूक करना है वैसे ही हवा हमारे पक्ष में है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की हकीकत जान चुकी है, मोदी सरकार समाज में जहर फैलाना चाहती है, भाई को भाई से लड़ाना चाहती है पर कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार बड़े मुद्दे है पर सरकार इनसे जनता का ध्यान भटकाने के लिए व्यर्थ के मुद्दे उठा रही है। उन्होंने कहा कि समाज नशे की गिरफ्त में है हर तरह नशा फैल रहा है अगर सरकार चाहे तो नशा बिक ही नहीं सकता, इसके लिए सरकार ही पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय की 25 गारंटियों के तहत सभी वर्गो को लाभ दिया जाएगा। मंगलसूत्र छीनने की बात करके महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि अब लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई उनकी या किसी नेता की व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है बल्कि लोगों की लड़ाई है, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, किसान व गरीब की लड़ाई है। लोकतंत्र खतरे में है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान ने तो दलितों व पिछड़ों को अधिकार दिए है उनको बीजेपी छीनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को रोजगार देंगे, महिलाओं को एक साल में एक लाख रुपए देंगे, गरीब को सामाजिक न्याय देंगे, हर वर्ग को न्याय देंगे, किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाएंगे, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से पांच न्याय के तहत 25 गारंटियां है जिनसे हर वर्ग में खुशहाली आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि एकजुट होकर कांग्रेस की जीत के लिए कड़ी मेहनत करे।



**रतिया में सैलजा ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन**

कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर कुमारी सैलजा रोड शो के माध्यम से रतिया कार्यालय में पहुंची और उन्होंने कार्यालय का उद्घाटन किया । वाहनों के बड़े काफिले के चलते रतिया शहर में कई घंटे जाम की स्थिति बनी रही। कार्यालय उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस समय पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है और सभी सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार भारी वोटों से विजय होकर प्रदेश सरकार को चलता करने का काम करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अपने-अपने बूथ को मजबूत करें और ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने का काम करें साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी कार्यकर्ता यह है सोचकर घर में न बैठ जाए कि अपनी तो जीत हो गई है लेकिन जीत से पहले काम करना भी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जो कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से काम करेगा उनका सरकार बनने पर पूरा मान सम्मान भी दिया जाएगा। इस मौके पर अनेक पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी के दिशानिर्देशन में हेल्थ अवेयरनेस क्लब तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के द्वारा आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता श्री पंकज नागर (काउंसलर ICTC, सिविल हॉस्पिटल बल्लबगढ़) थे।

उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्धि, प्रसन्नता और जन समर्थन के साथ अधिक पहुंच को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन को मनाने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार होता है और लोगों को आर्थिक रूप से सहायता करने का मौका भी मिलता है। यह दिन भारतीय समाज के स्वास्थ्य सेवाओं के मानवीय मूल्य को समझने और महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस कार्यक्रम में कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, हेल्थ अवेयरनेस क्लब) की देखरेख में डॉ गीता गुप्ता, सुभाष कैलोरिया, एवं श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, एसडीजी क्लब) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# अग्रवाल कॉलेज में भारतीय संस्कृति के ज्ञान हेतु कार्यशाला

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर (भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र) के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा: विकास एवं योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० टी.डी दिनकर उपस्थित रहे। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इसी श्रृंखला में यह कार्यशाला आयोजित की गई थी।



मुख्य वक्ता डॉ० टीडी दिनकर ने कहा कि भारतीय संस्कृति का इतिहास सर्वाधिक प्राचीन है।

विदेशी वैज्ञानिक भी वेदों की वैज्ञानिकता को स्वीकारते हैं और इसके लिए हमें गर्व का अनुभव करना चाहिए। विदेशों में जर्मनी जैसे देश की खोज का आधार हमारी संस्कृत भाषा है। पुराणों में सही जीवन जीने के मार्ग बताए गए हैं। डॉ० दिनकर ने वेदों, पुराणों उपनिषदों तथा अन्य ग्रन्थों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विशेष रूप से छात्राओं से आग्रह किया कि वह अपनी भारतीय संस्कृति के रीति रिवाज को गंभीरता से लें और उन्हें सीखें जिससे कि हमारी संस्कृति आगामी पीढ़ी के लिए भी संरक्षित रह सके। साथ ही लौकिक लोक गीतों को भी अपनी डायरी के माध्यम से संरक्षित रखें।

इंडियन नॉलेज सिस्टम केंद्र की संयोजिका डॉ० पूजा सैनी, सहसंयोजिका डॉ० सुप्रिया ढांडा एवं कमेटी के अन्य सदस्यों प्रिया अरोड़ा, डॉ० देवेंद्र, डॉ० प्रियंका सेहरावत तथा डॉ० रेनू माहेश्वरी के प्रयासों से यह कार्यशाला सफल एवं सार्थक रही।

# अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा पी.जी के विद्यार्थियों के लिए नेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें? विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुमारी अंजली (नेट क्वालीफाई, व्याख्याता विद्या मंत्र अकैडमी) उपस्थित रही। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल कॉलेज प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में पी.जी के विद्यार्थियों के लिए अनेक अनेक शैक्षणिक गतिविधियां उनके आगामी भविष्य को देखते हुए आयोजित की जाती हैं। मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नेट पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें यूजीसी द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही तैयारी किस प्रकार,कहां से शुरू की जाए इस पर भी प्रकाश डाला। कुमारी अंजली ने नेट परीक्षा संबंधी कुछ विशेष पुस्तकों के बारे में जानकारी साँझा करते हुए विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से नेट कोचिंग संबंधी संस्थाओं के विषय में भी बताया। इस अतिथि व्याख्यान में पीजी के लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासा का समाधान किया। हिंदी विभागाअध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।

# खेलों से हमारे तन मन और जीवन का विकास होता है : राजेश नागर


## सेक्टर 77 में आयोजित टूर्नामेंट में 400 से ज्यादा फुटबॉल एवं बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने की भागीदारी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 77 स्थित नवआरम्भ स्पोर्ट्स अकादमी ने द्वितीय बास्केटबॉल एवं फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेलों को जीवन का प्रमुख अंग बनाने पर बधाई दी। विधायक नागर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का प्रमुख अंग होना चाहिए।




इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और व्यक्ति का जीवन भी निखरता है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी का जीवन संयमित होता है और उसे जीवन में आने वाली चुनौतियों से भलीभांति निपटना आता है। राजेश नागर ने कहा कि खेलों के जरिए आप अपनी आजीविका भी कमा सकते हैं। आज हरियाणा की सरकार द्वारा दिए गए इनाम की राशियों और नौकरियों के सहारे अनेक खिलाड़ियों ने अपने परिवारों की स्थितियों में सकारात्मक बदलाव किए हैं। नागर ने सभी भागीदारों और आयोजकों को भी सुंदर सफल आयोजन की बधाई दी। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का आयोजक जितेंद्र नागर आदि ने जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों एवं स्पोर्ट्स अकादमियों से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की। दो दिन चले इस टूर्नामेंट के विजेताओं को विधायक राजेश नागर ने इनाम और सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस अवसर पर लोकेश गुलाटी, ऋषि पाल नागर, वेद प्रकाश यादव, राजबीर नागर, सुरेश गुलाटी, राजेश सहगल, करतार सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।






## संपादकीय

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खो गया बचपन




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है।

# गुणवत्ता को धराशाई कर स्वास्थ से खिलवाड करते फास्ट फूड बूथ संचालक

**फूड सेफ्टी अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद की छापेमारी, 3 आईस क्रीम फैक्ट्री व दो फास्ट फूड बूथ से लिए सैंपल**

**कनीना सब डिवीजन में 500 फास्टफूड बूथ के माध्यम से प्रतिदिन हो रहा लाखों रूपये का व्यवसाय**








**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** देश-प्रदेश में फास्ट फूड का प्रचलन दिनोंदिन बढता जा रहा है। इसका व्यवसाय करने वाले लोग भले ही आर्थिक रूप से फल-फूल रहे हों लेकिन समाज के साथ-साथ दुष्प्रभाव उन पर पड रहा है। फास्ट फूड में शामिल पीजा, बर्गर, चाऊमीन, गोलगप्पे, दही भल्ले, छोले-भटूरे, सैंडविच, पनीर-कुलचे इत्यादि की ओर बच्चे से लेकर जवान तक बहुत आकर्षित होते हैं। सडक किनारे धूल-मिट्टी तथा मच्छर-मक्खियों के चंगुल में फंसे इन खाद्य पदार्थों को चटखारे लेकर खाया जा रहा है। जबकि इसके सर्वाधिक दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। लैब टेस्टिंग में भले ही इन खाद्य पदार्थों के सभी नमूने फेल हो जाएं लेकिन 5 से 30 वर्ष तक के युवक-युवतियों की नजरों में वे पूर्णरूप से पास हैं। ये खाद्य पदार्थ पैसे खर्च कर बिमारी मोल खरीदने जैसे हैं।

एक सर्वे के मुताबिक कनीना सब डिवीजन के विभिन्न गावों एवं शहर में फास्ट फूड के करीब 500 बूथ संचालित हैं। जिनके माध्यम से प्रतिदिन लाखों रूपये का कारोबार होता है। सांय ढलते ही ऐसी दुकानों तथा रेहडी-फडी पर भीड जुटनी शुरू हो जाती है। क्या बच्चे-क्या बडे सभी की ओर से बडे चाव के साथ मुंह मांगे दाम में ये फूड खाया जाता है। आजकल इसकी बिक्री ऑनलाईन भी होने लगी है। जिससे बची-खुची गुणवत्ता भी तार-तार हो रही है। ऑनलाईन पिज्जा-बर्गर तथा केक मंगवा कर इस्तेमाल करने से बच्चों के बिमार होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी अभिभावक समझने को तैयार नहीं हैं। प्रबुधजनों का कहना है कि आमजन के स्वास्थ की रक्षा करने की सरकार व स्वास्थ विभाग की अहम जिम्मेवारी बनती है। जो समय-समय पर ऐसे बूथों पर जाकर उसकी गुणवत्ता व स्वच्छता का अवलोकन करें ओर संदेहजनक व दूषित खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर लैब में जांच करवाएं। सैंपल फेल होने पर हत्या जैसी धारा के तहत केस दर्ज किया जाए। सख्ती बरतने के साथ ही आमजन की सुरक्षा बनी रह सकती है।

**फास्ट फूड के नियमित सेवन से हो सकती हैं कैंसर जैसी घातक बिमारी**

इस बारे में नागरिक अस्पताल नारनौल में कार्यरत डॉ.दिनेश कुमार ने बताया कि फास्ट फूड का इस्तेमाल स्वास्थ पर बहुत बूरा प्रभाव डालता है। उनकी राय में फास्ट फूड खाने से घर के खाने की आदत छूट जाती है वहीं ये भोजन नियमित लेने से अपच,गैस बनने सम्बंधी समस्या, लिवर को कमजोर करने, मधुमेह, बीपी, बवासीर, हार्ट प्रोब्लम, कैंसर, आतों की सफाई न होने देने की समस्या,दांत-मसूडों के खराब होने की समस्या तथा त्वचा रोग सम्बंधी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। इम्युनिटी घट जाती है तथा मोटापा बढने लगता है।

**क्या कहते हैं फूड सेफ्टि अधिकारी**

इस बारे में फूड सेफ्टि अधिकारी डॉ.राजेश वर्मा ने बताया कि सोमवार को कनीना में उनकी टीम ने छापेमारी कर 3 आईस फैक्ट्री सहित दो फास्ट फूड बूथ से 7 सैंपल एकत्रित किए। इन सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। लैब से 14 दिन बाद रिर्पोट आएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके पास महेंद्रगढ,रेवाडी तथा झज्जर जिले की जिम्मेवारी है। फिर भी खाद्य वस्तुओं के समय-समय पर सैंपल एकत्रित किए जाएगें। आमजन के स्वास्थ से खिलवाड नहीं होने दिया जाएगा।

# सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री जल्द आएंगे फिरोजपुर झिरका : नरेंद्र पटेल




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी नूह के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने आज फिरोजपुर झिरका विधानसभा का दौरा किया और मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के पूर्व यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी फिरोजपुर झिरका विधानसभा में विकास संकल्प रैली करने के लिए जनता के बीच पहुंचेंगे। नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रदेश की सभी विधानसभा में प्रदेश के मुखिया व पूर्व मुखिया सहित वरिष्ठ नेता जन रैली कर रहे हैं। इसी के मध्य गत दिवस पुनहाना में मुख्यमंत्री नायब सैनी जी सफल जनसभा को संबोधित कर चुके हैं और अब इसी कड़ी में शीघ्र ही पूर्व मुख्यमंत्री व मेवात के चहेते मनोहर लाल जी फिरोजपुर झिरका विधानसभा में पधारेंगे । नरेंद्र पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व मनोहर लाल जी के पूर्व के ऐतिहासिक कार्यों के आधार पर हरियाणा की जनता 11 की 11 सीटें अर्थात 10 लोकसभा और एक विधानसभा की सीट भारी बहुमत के साथ जीता कर भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालेगी । नरेंद्र पटेल ने बताया कि गुड़गांव के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे । साथ ही कार्यकर्ताओं में और जनता में जोश भरने के लिए प्रदेश के लाडले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जल्दी फिरोजपुर झिरका में पधारेंगे। इस बाबत नरेंद्र पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करने के बाद फिरोजपुर झिरका अनाज मंडी का भी दौरा किया ,जहां नरेंद्र पटेल ने अनाज मंडी के सभी अधिकारियों को किसानों के लिए उपयुक्त सुविधा करने के निर्देश दिए। वहीं रैली स्थल का भी जायजा लिया ।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के अध्यक्ष मनीष जैन, फिरोजपुर झिरका मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन, जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य ,एमिनेंट पर्सन नरदेव आर्य जिला सचिव महावीर सैनी ,आईटी सेल जिला संयोजक जतिन बुसरी, नगीना मंडल अध्यक्ष नंदलाल प्रजापति, फिरोजपुर मंडल अध्यक्ष रमेश प्रजापति, पूर्व प्रत्याशी व भाजपा नेता आलम उर्फ मुंडल, अधिवक्ता कमल गोयल, चिराग गोयल ,व्यापारी नेता अग्रसेन गोयल ,मुकेश शर्मा सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपसथित थे ।

# नूंह में एसटीएफ हरियाणा एवं काउंटर इंटेलीजेंस टीम दिल्ली की बदमाशों के बीच मुठभेड

**दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, घायल बदमाशों को उपचार के लिये नलहड मैडिकल कालेज में कराया गया भर्ती**

**रोहतक लाखन माजरा के होटल पर परिवार के सामने करीब 1 माह पहले व्यापारी सचिन गोदा निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित थे दोनों बदमाश**

**बदमाशों से दो अवैध पिस्टल मैगजीन सहित व 3 रौंद बरामद**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** सोनाक्षी सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने जानकारी देते हुए बतलाया कि 29 अप्रैल की रात्री को एसटीएफ हरियाणा एवं काउंटर इंटेलीजेंस दिल्ली की टीम ने करीब 1 माह पहले सचिन निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित अपराधी रोहित व प्रवीण (परिवर्तित नाम) को गुप्त सूचना के आधार पर तावडू-नूंह रोड गांव पल्ला पहाडी के पास से मुठभेड के बाद काबू किया । मुठभेड के दौरान दोनों बदमाशों के पैरो में गोली लगी ।दोनों बदमाशों को ईलाज हेतु शहीद हसन खां मेवाती मैडिकल कॉलेज नलहड में दाखिल कराया गया है ।

सोमवार की रात्रि को एसटीएफ हरियाणा की टीम गश्त में केएमपी फ्लाईऑवर के नीचे रेवासन नूंह पर मौजूद थी ।उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रोहतक लाखन माजरा में करीब 1 माह पहले सचिन निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित अपराधी रोहित व प्रवीण (परिवर्तित नाम) रिपीटर नाका पल्ला पहाडी के पास मौजूद है और दोनों के पास हथियार है ।

इसी दौरान निरीक्षक मन्जीत जागलान, उप-निरीक्षक रोहित, निरीक्षक निशांत दहिया व उप-निरीक्षक संजय हुड्डा काउंटर इंटेलीजेंस टीम दिल्ली भी मौजूद आये ।दोनों टीमों ने प्राप्त सूचना के आधार पर आगामी योजना बारे विचार विमर्श कर बदमाशों की तलाश आरम्भ की ।उसी समय टीम को फिर सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त दोंनो बदमाश पल्ला नूंह तावडू रोड के पास देखे गये है ।जो भागने की फिराक में है ।जिस सूचना पर टीम बुलेट प्रुफ जैकेट पहनकर अपराधियों को काबू करने के लिये मौका पर रवाना हुई ।अपराधियों की तलाश में पल्ला पहाडी की ढलान की तरफ जाते हुये टीम को पहाडियों में गाडी की लाईट में दो नौजवान लडके खडे दिखाई दिये । जो गाडियों को देखकर अचानक दोनों लडकों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से करीब 10 राउंड फायर किये। जो गोली उप-निरीक्षक राकेश व निरीक्षक मन्जीत जागलान की बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी।

पुलिस पार्टी द्वारा भी अपनी आत्मरक्षा में उपरोक्त दोनों बदमाशों पर करीब 15 राउंड फायर किये। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षा की फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिसके कारण उपरोक्त दोंनों बदमाश घायल होकर नीचे गिर गये। दोंनों बदमाशों के कब्जा से 2 पिस्तौल व 3 रौंद बरामद हुये। दोनों बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा काबू कर उपचार के लिये नल्हड़ मैड़िकल अस्पताल नूंह मे भर्ती करवाया गया। दोनों बदमाशों के खिलाफ सम्बधिंत धाराओं के तहत थाना सदर नूंह मे मुकदमा दर्ज करके आगामी कार्यवाही की जा रही है।

# एनएच 152डी पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत के बीच ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 415वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पडा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। 230 किलोमीटर लम्बा यह नैशनल ग्रीन कॉरिडोर महेंद्रगढ जिले के विभिन्न गावों से होकर गुजर रहा है। केंद्रीय सडक़एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर करीब दो वर्ष यहां पर कट देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,लक्ष्मण सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल ,मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह,सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार,मांगेराम,हेमराज,वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह,रोशन आर्य हाजिर थे।










# हथीन में अलग-अलग मामलों में हजारों रुपए की कीमत की अवैध शराब सहित तस्कर आरोपी धरे

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। एक मामले में क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल अशोक कुमार ने थाना सदर पलवल क्षेत्र अंतर्गत गाव फिरोजपुर में नाकाबंदी कर स्कुटी सवार युवक की 300 पव्वा मार्का मस्ताना अवैध शराब बरामद की मामले में आरोपी फरार है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। वही एक और मामले में उटावड़ थाना में तैनात हेड कांस्टेबल राजेंद्र की टीम ने गांव चिल्ली से पहाडपुर रोड की तरफ जा रहे युवक को मार्का मस्ताना देशी शराब 42 पव्वा सहित काबू किया।वही एक और मामले में हथीन थाना अंतर्गत चौकी मंडकोला में तैनात सहायक उप निरीक्षक ने एक युवक को गांव रीबड़, अकबरपुर नाटोल रोड से शराब बेचते 13 बोतल एवं 100 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना सहित काबू किया। वह बहीन थाना में तैनात हेड कांस्टेबल अरुण की टीम ने गांव गहलब में नाकाबन्दी कर तस्कर को कट्टे के अन्द्रर 44 पव्वा मार्का मस्ताना देशी एवं 36 पव्वा अंग्रेजी मारका मैकडॉवेल नंबर 1 शराब सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।



# होडल में अलग-अलग मामलों में लाखों रुपए की कीमत की अवैध शराब सहित तस्कर आरोपी धरे

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव मध्य नजर एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है।

इसी मुहिम के चलते मुंड कटी में तैनात उप निरीक्षक चंदन सिंह की टीम ने गांव औरंगाबाद में मुनिहारा चौक पर नाकाबन्दी कर 26 अध्धा शराब मार्का देशी मस्ताना सहित तस्कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

एक और मामले में होडल क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम ने इंडेन गैस एजेंसी के पास एक परचून दुकान के बाहर 100 पव्वा शराब देशी मार्का मस्ताना सहित एक तस्कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

एक और मामले में होडल क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल अंकुश की टीम ने होडल रामलीला मैदान के नजदीक एक परचून दुकान के बाहर 15 बोतल बियर सहित एक तस्कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द के हुए करीब 8 मुफ्त ऑपरेशन

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**हथीन।** भगवती धर्मार्थ नेत्र संस्थान होडल द्वारा पुण्य कमाने मै लगी हुई है वो कहते है की किसी को आखों के नेत्र की रोशनी मिल जाए तो इससे बड़ा क्या पुण्य का काम होगा मां भगवती धर्मार्थ नेत्र संस्थान द्वारा दिनांक 29 अप्रैल सोमवार को निम्न नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द के करीब 8 मुफ्त ऑपरेशन करायें गये है सभी का सफल ऑपरेशन हुआ है डॉ जेके मित्तल ने कहा की जिसको आखों से दिखाई नही देता है उनका चेकप करके जब करीब 8 से 10 मरीज इक्ट्ठा हो जाते है तो उन्हें ऑपरेशन के लिए लेजाया जाता है जो पूरे तरीके से निशुल्क ऑपरेशन कराया जाता है :1. तुलसीराम (गढी), 2. जगवीर (औरंगाबाद), 3. अमरचंद (सेवली), 4. चरणसिंह (डींग), 5. रतिराम (करमन), 6. किशोरलाल, 7. मीरा (दोनो होडल), 8. विद्या (दहगांव)। मोतियाबिन्द के मुफ्त ऑपरेशन कराने के लिए हमारे यहाँ रोजाना भर्ती की जाती है।

सम्पर्क करें: डॉ जे के मित्तल, पुरानी सब्जी मण्डी निकट जगजीवन राम चौक (काली मूर्ती) होडल।




# होडल हरियाणा टूरिज्म विभाग, डबचिक में कार्यरत देवेंद्र सिंह हुए सेवा निर्वित

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**हथीन।** हरियाणा टूरिज्म विभाग, डबचिक होडल में कार्यरत देवेंद्र सिंह नंबरदार आज 36 साल की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत हो गए देवेंदर नंबरदार ने ना केवल अपने कार्यक्षेत्र में बल्कि सामाजिक कार्यों में भी अपना दायित्व बखूबी निभाया। हरियाणा टूरिज्म विभाग यूनियन में देवेंद्र सिंह ने राज्य स्तर पर यूनियन में कार्य करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को मुखर होकर उठाया। इसके अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा होडल ब्लॉक के प्रधान भी रहे और उन्होंने सभी कर्मचारियों को साथ लेकर बड़े आंदोलन लड़े। स्वच्छ और साफ छवि तथा सरल स्वभाव उनकी सबसे बड़ी ताकत रही। जिला सर्व कर्मचारी संघ के नेता योगेश शर्मा, राकेश तंवर, जितेंद्र, ओम प्रकाश जाखड़, थान सिंह शर्मा, बिजेंद्र कुमिया, प्रधान नरेंद्र सौरोत, लखवीर सौरोत और हरकेश सौरोत आदि कर्मचारियों ने उनकी सेवानिवृति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। और विदाई दी और कहा की सेवा निवृत हो गए है अब समाज की सेवा और भगवान की आराधना करे।



# एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को अनाज मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को अनाज मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम विरेन्द्रसिंह ने खेड़ा में निर्माणाधीन नई अनाज मंडी में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए । उन्होंने नई अनाज में मंडी चल रहे कार्यों का जायजा लिया तथा ठेकेदार को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे बताया कि सिवानी उपमंडल में मंडी शहर के अन्दर तथा जगह की कमी के कारण किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

एसडीएम ने मंडी में बारिश के पानी निकासी की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली ताकि बेमौसम बारिश में किसानों व आढ़तियों को आर्थिक नुकसान व किसी प्रकार कि परेशानी नही हो। एसडीएम ने व्यवर्सथित तरीके से पाइप लाइन बिछाने किसानों के पीने के पानी, बिजली व शौचालयों की अच्छी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से खेड़ा अनाज मंडी का कार्य पूरजोर स्तर पर चल है। और जल्दी मंडी निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि अनाज मंडी का निर्माण कार्य पूर्ण होते हि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# कनीना मंडी में अब तक 3.30 लाख बैग सरसों की हुई खरीद

## गेहूं की खरीद में आई सुस्ती, 1.6 लाख बैग गेहूं खरीदा



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में अब तक अब तक 3.30 लाख बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है।जिसमें से 1.90 लाख बैग का उठान किया जा चुका है। सरसों बेचने के उपरांत किसानों को 5650 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 25 अप्रैल तक का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है।

खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाऊस के अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुरानी मंडी में 1.06लाख बैग गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 48 हजार बैग का उठान किया गया है। खरीदे गए गेहूं को फूड सप्लाई के महेंद्रगढ स्थित गोदाम में रखवाया गया है। सरसों का उठान कर उसे जींद, रोहतक, पानीपत, धारूहेडा, ईसराना के गोदामों में भेजा जा रहा है।

मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से किसानों की सुविधा के लिए मंडी में एंट्री गेट पर दो धर्मकांटे शुरू किए गए हैं जिन पर बिना किसी शुल्क के किसानों के भरे एवं खाली वाहनों का वजन किया जा रहा है। दोनों धर्मकाटें बराबर कार्य कर रहे हैं। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है वहीं नयी मंडी चेलावास में सरसों की खरीद की जा रही है। मंगलवार को मोडी,उन्हाणी, मुंडिया खेडा व उच्चत गावों के किसानों की सरसों खरीदी गई।

# नूंह पुलिस का निरीक्षक भूप सिंह हुआ सेवानिवृत्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोनाक्षी सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह, अजायब सिंह उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह एवं सुरेंद्र किन्हा उप-पुलिस अधीक्षक नूंह द्वारा फूलमाला/पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दी गई विदाई मंगलवार को लघु-सचिवालय नूंह में स्थित पुलिस कार्यालय नूंह के सभागार कक्ष में नूंह पुलिस के निरीक्षक भूप सिंह की सेवानिवृतति विदाई पार्टी का आयोजन किया गया ।जिसको सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह सोनाक्षी सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह अजायब सिंह एवं उप-पुलिस अधीक्षक नूंह सुरेंद्र किन्हा द्वारा फूलमाला/पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह तथा एक उच्च गुणवत्ता वाला ट्रैवलर बैग देकर उसके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। सेवानिवृत्त हुये जवान को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्यो के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा ढेरों प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है ।पुलिस विभाग में रहते हुए अफसरों के अधीन कार्य करना पड़ता है जबकि सेवानिवृत्त होने के बाद स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है और समाज में फैली बुराइयों को जागृति लाकर दूर कर सकता है । पुलिस अफसर सदैव ड्यूटी पर होता है वह कभी भी रिटायर नहीं होता । जो उसने ट्रेनिंग के दौरान पुलिस विभाग से शिक्षा प्राप्त की है वह सदा उसके साथ रहती हैं। इस विदाई आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक के परिजन व कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभी शाखा प्रभारी एवं सम्बंधित स्टाफ उपसथित रहा।



# हरियाणा बोर्ड का रिज़ल्ट हुआ घोषित, 6169 परीक्षार्थी फेल

**समाचार गेट/भावना कौशिश**



**हरियाणा।** हरियाणा बोर्ड से 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए 30 अप्रैल का दिन खास रहा। ।बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा (BSEH) की ओर से 12वीं कक्षा का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी कर दिया गया है। इस वर्ष हरियाणा बोर्ड 12वीं बोर्ड एग्जाम में 2,21,000 स्टूडेंट्स ने भाग लिया था और परीक्षाओं का आयोजन 27 फरवरी से 2 अप्रैल तक किया गया था। इसके बाद 30 अप्रैल को रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। स्टूडेंट्स हरियाणा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट bseh.org.in पर जाकर अपने रिजल्ट की जांच कर सकते हैं। रिजल्ट चेक करने के लिए छात्र-छात्राओं को रोल नंबर एवं डेट ऑफ बर्थ दर्ज करना होगा। छात्रों को पास होने के लिए उनको सभी विषयों में अलग-अलग न्यूनतम 33 फीसदी अंक प्राप्त करना जरूरी है। हरियाणा बोर्ड रिजल्ट में महेंद्रगढ़ जिले का राज्यभर में सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा है, वहीं नूंह जिले ने पुरे राज्य में सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। इस वर्ष इंटरमीडिएट में 6169 परीक्षार्थी फेल हो गए हैं। इनमें से ऐसे छात्र जो एक या दो विषयों में फेल हो गए हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वे बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाले कम्पार्टमेंट एग्जाम में भाग ले सकते हैं और अपना साल बर्बाद होने से बचा सकते हैं। इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों के 86.17 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, वहीं शहरी क्षेत्रों के 83.53 फीसदी छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। गांव क्षेत्र के स्टूडेंट्स ने शहरी छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है।85.31 प्रतिशत रेगुलर स्टूडेंट्स एवं प्राइवेट का 55.32 फीसदी रिजल्ट जारी किया गया है।






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में भारत की सीमाएं हुई सुरक्षित : कृष्णपाल गुर्जर

**हथीन विधानसभा क्षेत्र के गहलब, कौंडल व नांगल जाट में हुआ भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पार्टी की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विश्व में शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 11वें स्थान पर रहा, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने शक्तिशाली देशों की सूची में भारत को पांचवें पर ला दिया, जो काम दस सालों में अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह नहीं कर पाए, वह काम नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया।

उन्होंने न केवल देश की प्रतिष्ठा को विश्व में बढ़ाया बल्कि हर भारतीय का गौरव भी बढ़ाया, यही कारण है कि आज जनता नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री चाहती है और लगातार तीसरी बार उन्हें देश की बागडोर सौंपने का संकल्प ले चुकी है। श्री गुर्जर हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव गहलब, कौंडल, नांगल जाट सहित कई गांवों में आयोजित सभाओं में उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव गहलब में सहरावत पाल, कौंडल में तेवतिया पाल तथा नांगल जाट में रावत पाल ने श्री गुर्जर को खुला समर्थन देते हुए उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधी और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। लोगों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित है, पहले सरहदों पर फायरिंग होने पर जवाबी कार्यवाही के लिए आदेश लिए जाते थे, लेकिन जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तब से हमारे फौजियों को यह आदेश है कि अगर सीमा पार से एक गोली चले तो उसका जवाब गोलियों से दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रभुत्ता, एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए कार्य किए, हर वर्ग सरकार की नीतियों से आज लाभान्वित हो रहा है। फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के फरीदाबाद के इस सिरे से लेकर आखिरी सिरे तक समान विकास किया है, शहरों की तर्ज पर गांवों में सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, बिजली, पानी सडकें जैसे मुद्दों पर युद्धस्तर पर काम किया है, गांवों को जोडने के लिए बेहतर सडकें बनवाई गई वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर बनाकर लोगों का सफर बेहतरीन बनाया गया। उन्होंने कहा कि अगर विकास का यह दौर जारी रखना चाहते है तो आने वाली 25 मई को कमल के निशान के सामने वाला बटन दबाकर देश में तीसरी बार मोदी जी की सरकार चुने। इस अवसर पर विधायक प्रवीन डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरन सिंह तेवतिया, भाजपा नेता हरेंद्र पाल राणा सहित सभी मौजूद लोगों ने कृष्णपाल गुर्जर को भरोसा दिलाया कि इस बार हथीन विधानसभा क्षेत्र से कृष्णपाल गुर्जर पिछले दो बार से भी ज्यादा वोटों से विजयी होंगे और नया इतिहास रचने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन मनोज रावत, होडल नगर परिषद के चेयरमैन शीशपाल, योगेंद्र सहरावत, सहजराम सहरावत, सतीश बैंसला, लेखराज सहरावत, रश्मि सहरावत, डा. लेखराज, कुलवीर देशवाल, देवी सरपंच, महेंद्र भड़ाना, संजय राणा, सुरेश कौंडन सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फरीदाबाद की जनता अवश्य करेगी बदलावः महेन्द्र प्रताप सिंह

**चौधरी महेन्द्र प्रताप के पक्ष में गांव बडोली में उमडा जनसैलाब**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने चुनावी अभियान की शुरूआत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बडौली से की जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उनका जोरदार स्वागत कर अपने खुले समर्थन का ऐलान किया। इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बना दिया। इससे पूर्व पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया के नेतृत्व में पृथला क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के निवास पर पहुंच अपने समर्थन का खुला ऐलान किया और विश्वास दिलाया कि पृथला क्षेत्र से सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे।

वहीं पटेल चौक, एक नंबर, एसजीएम नगर, एनएच-1, सैनिक कॉलोनी आदि में भी नुक्कड सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

लोगों की भारी भीड से गदगद पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप ने कहा कि जनता का जोश और उत्साह बता है है कि यहां कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि शहर का प्रत्येक मतदाता भाजपा प्रत्याशी की सत्ता लोलुपता एवं शहर के विनाश की पटकथा में उनकी भूमिका से आहत है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि झूठ-लूट व भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इस बार इंडिया गठबंधन को विजयी बनाना होगा तभी हर वर्ग का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में धर्म और जात की राजनीति कर लोगों को बांटने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब कांग्रेस सरकार सत्ता से गई थी तो प्रदेश पर 55 लाख करोड का कर्ज था और आज हरियाणा प्रदेश पर 205 करोड का कर्जा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वो केवल कांग्रेस की देन है, भाजपा ने केवल लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर और शहर के विकास के नाम पर हजारों करोड डकार लिए गए। मैट्रो का एक भी पिलर भाजपा पिछले 10 वर्षों में नहीं लगा पाई है। फरीदाबाद शहर में मैट्रो कांग्रेस लेकर आई और कांग्रेस ने ही बल्लभगढ तक मैट्रो का विस्तार किया। मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार की देन है, यूनिवर्सिटी, आईएमटी सहित मास्टर प्लान के तहत कराए गए विकास कार्य केवल और केवल कांग्रेस की देन है।

लोगों की भीड से भावुक कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बडोली मेरी ननिहाल है और यहां से मैंने अपने अभियान की शुरूआत की है। जितना प्यार और लोगों का समर्थन मुझे मिला है। मुझे विश्वास है कि इस बार फरीदाबाद सीट पर भारी मतों से कांग्रेस विजयी होगी।

इस अवसर पर चैधरी जयपाल चंदीला ठोंडा, अदल सिंह चंदीला, कैलाश मास्टर, जयबीर पहलवान, महिपाल पहलवान, चौधरी अजय चंदीला, महेन्द्र, चोधरी चन्दरपाल, चौधरी मदन चेयरमैन, धर्मी चंदीला ठोंडा, सूरजपाल, रिंकु चंदीला, आभाष चंदीला, जितेन्द्र चंदेलिया, वेद प्रकाश यादव, दयानंद चंदीला, रामपत चंदीला, बिजेन्द्र मावी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया ने समर्थकों के साथ दिया कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक चै. रघुबीर सिंह तेवतिया अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याषी चै. महेन्द्र प्रताप सिंह के सैनिक कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे और उनको पूर्ण समर्थन प्रदान किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी चै. महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद में पहुंचाने का भरोसा दिया और कहा कि आने वाली 3 मई को चै. महेन्द्र प्रताप हजारों समर्थकों को साथ लेकर नामांकन भरेंगे। इसमें पृथला से हजारों कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में सेक्टर 12 पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि चै. महेन्द्र प्रताप सिंह के कांग्रेस प्रत्याषी घोषित होने के साथ ही भाजपा प्रत्याषी की नींद उड गई है और उनको अपनी हार दिखाई देने लगी है। चै. रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि चै. महेन्द्र प्रताप स्वच्छ छवि के ईमानदार नेता है और फरीदाबाद की जनता को उन पर पूरा भरोसा है। आज फरीदाबाद की जनता भाजपा प्रत्याषी की तानाशाही एवं उनके अत्याचार से त्राहि-त्राहि कर रही है और उनके जुल्मो-सितम से छुटकारा चाहती है। इस मौके पर चै. महेन्द्र प्रताप सिंह ने रघुबीर सिंह तेवतिया एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों को भरोसा दिलाया कि अगर वह सत्ता में आते हैं तो भ्रष्टाचार और तानाशाही पर पूरी तरह लगाम लगाएंगे। प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को लुटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा आने वाला समय कांग्रेस का है। देश में इंडिया गठबंधन और प्रदेष में कांग्रेस के प्रत्याषी बड़ी संख्या में जीत दर्ज कर संसद में पहुंचेंगे। इस मौके पर उनके वरिष्ठ युवा कांग्रेसी नेता तण तेवतिया उपस्थित रहे।

# देश में पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार : प्रियंका अग्रवाल

**नवनियुक्त प्रदेश महासचिव को बधाई देने वालों का लगा तांता**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश महासचिव और बल्लभगढ़ की इलेक्टेड पीसीसी डेलीगेट प्रियंका मनोज अग्रवाल की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल व्याप्त है। इसी कड़ी में बल्लभगढ़ के मोहना रोड पर स्थित मुख्य कांग्रेस कार्यालय में बल्लभगढ़ की महिला शक्ति के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी प्रियंका अग्रवाल को इस नई जिम्मेदारी पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता व मिठाई खिलाते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए प्रियंका मनोज अग्रवाल ने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़े मुद्दे हैं और यह कड़वी सच्चाई जो उनके सामने मुंह बाए खड़ी है वह उन्हें नजर नहीं आ रही है लेकिन लोग ही इस बात का एहसास सरकार को जरूर करवाएंगे जो अंधी और बहरी हो चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव व सिरसा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के नेतृत्व में हमारी लड़ाई उस विचारधारा के खिलाफ है जो देश को धर्म और जाति के आधार पर बांट रही है। हम देश को बंटने नहीं देंगे. कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा। कई मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है, जो गलत है। उतार-चढ़ाव राजनीति का हिस्सा है और अब बदलाव का समय आ गया है। हम लोगों को रोजगार देंगे और महिलाओं को एक साल में 1 लाख रुपये देंगे। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि गरीबों सहित सभी को न्याय मिले। हम एमएसपी को किसानों के लिए कानूनी गारंटी भी देंगे और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच न्याय गारंटी के तहत 25 गारंटी दी है, जिससे हर वर्ग में खुशहाली आएगी। इस दौरान मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की सचिव सोनी चौधरी, सेवादल सचिव नसीमा खान व सगीरन खान, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, लीगल सेल के जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह आर्य, युवा कांग्रेस के शुभम कसाना, एनएसयूआई के सन्नी बादल, ओबीसी सेल के आज़ाद सैनी, धर्मवती शर्मा, राहुल गुप्ता, मंगत राम गोयल, संजय गर्ग, जीतेश मित्तल, रीना अग्रवाल, सुरेश नागर, अंकित भड़ाना सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# एमसीसी के उल्लंघन संबंधित शिकायतों का समय पर करें निपटारा : डीसी

**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने आदर्श आचार संहिता से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक को किया संबोधित**

**आदर्श आचार संहिता लगने के उपरांत जिला में अब तक अवैध शराब संबंधी मामलों में 334 एफआईआर हो चुकी दर्ज और 45.20 लाख रुपए की 16181.275 लीटर शराब जब्त**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला में आदर्श आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट-एमसीसी) की पालना सख्ती से सुनिश्चित की जाए।

जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सी-विजिल एप या अन्य माध्यमों से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाए। उन्होंने यह बात मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर गठित कमेटी की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।

**अनुमति लेकर ही लगा सकते हैं प्रचार सामग्री**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा वार जनसभा व प्रचार सामग्री लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए है। किसी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या उनके समर्थक क्षेत्र के एसडीएम से अनुमति लेकर ही इन स्थानों पर अपनी प्रचार सामग्री लगा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जितनी संख्या व साइज के लिए अनुमति ली गई है उतनी ही प्रचार सामग्री का प्रयोग कर सकेंगे। निर्धारित संख्या से अधिक प्रचार सामग्री लगाना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के यूनिपोल पर लगने वाली प्रचार सामग्री के मामलों में नियमों की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। इस प्रचार सामग्री का खर्च भी उम्मीदवार के शैडो रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

**आदर्श आचार संहिता की पालना के तहत अब हुई कार्रवाई**

आदर्श आचार संहिता को लेकर नोडल अधिकारी एवं नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में अब तक अवैध शराब के 334 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और 45.20 लाख रुपए की 16181.275 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी के तहत 563 वाल पेंटिंग, 5371 स्थानों से पोस्टर, 2100 बैनर व अन्य 1374 सहित कुल 9394 प्रचार सामग्री हटाई जा चुकी है। वहीं 4965 डिफेसमेंट रिमूवल किए गए। वहीं निजी संपत्तियों से 407 वाल पेंटिंग, 739 पोस्टर, 567 बैनर, अन्य 532 सहित कुल 2245 तथा 1727 डिफेसमेंट रिमूवल किए जा चुका है।

इस अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम की संयुक्त आयुक्त सुमन भांखर, प्रदीप कुमार, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम सिंह, ओएसडी टू डीसी प्रीति रावत, डीडीपीओ वीरेंद्र सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# गुड़गांव लोकसभा में चुनावी खर्चे की निगरानी के लिए आयोग ने नियुक्त किए दो व्यय ऑब्ज़र्वर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए गुड़गांव लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए आईआरएस अधिकारी दुर्गादत्त को गुरूग्राम, सोहना, नूह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका एवं सौरभ कुमार शर्मा को बादशाहपुर, पटौदी, रेवाड़ी व बावल विधानसभा का व्यय(एक्सपेंडिचर) ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया है। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यय ऑब्जर्वर सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में रहेंगे। राजनीतिक दल, उम्मीदवार व जनता बात करने अथवा शिकायत दर्ज करने के लिए व्यय ऑब्जर्वर दुर्गादत्त के मोबाइल नंबर 7303037217 व सौरभ कुमार शर्मा के मोबाइल नंबर 7303037226 पर संपर्क कर सकते हैं। ऑब्जर्वर से मिलने का समय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# थार की टक्कर से स्कूटी सवार बाप-बेटी की मौत, दो घायल



**समाचार गेट ब्यूरो**

फरीदाबाद। फ़रीदाबाद में ख़ुशी का माहौल मातम में बदल गया। सोमवार देर रात सेक्टर 12 में टाउन पार्क के सामने एक हादसा सामने आया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में एक थार गाड़ी ने एक स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। स्कूटर पर चार लोग सवार थे। जिसमें एक पिता, दो बेटियां और मां मौजूद थीं। सभी लोग एक साल की बेटी का जन्मदिन टाउन पार्क में मनाने जा रहे थे। लेकिन मासूम बच्ची अपना एक साल का जन्मदिन भी नहीं मना पाई और रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शी दीपक आजाद का कहना है वह मौके पर मौजूद थे। जब थार की गाड़ी तेज रफ्तार से आ रही थी तभी वह अनियंत्रित हो गई और स्कूटी से जाकर टकराई। स्कूटी पर सवार पति पत्नी और उनकी दो बेटियां थे तभी भयानक हादसा हुआ और छोटी बेटी और पिता की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि दूसरी बेटी और मां अभी पार्क हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर है। परिजनों का कहना है कि छोटी बेटी दिशा, पिता दयानंद, मां दिव्या और बड़ी बेटी भूमि चारों बाइक पर सवार हो कर शिव कॉलोनी बल्लभगढ़ से सेक्टर 12 टाउन पार्क में छोटी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए जा रहे थे। तभी मौक़े पर तेज रफ़्तार थार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जहां मौके पर ही बेटी दिशा और पिता दयानंद की मृत्यु हो गई। वहीं दूसरी बेटी और मां की हालत बहुत ही ज्यादा गंभीर है। वह पार्क हॉसपिटल में वेंटिलेटर पर भर्ती है। उधर दंपतति को टक्कर मारने वाले दोषी थार गाड़ी के चालक को थाना सेंट्रल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम धर्मबीर(35) है जो फरीदपुर का रहने वाला है और प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने दोस्त जयप्रकाश निवासी भतोला, फरीदाबाद की यह थार गाड़ी मांग कर ले गया था जिसका एक्सीडेंट हो गया और डर के कारण वह मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस ने बाद में काबू कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के पश्चात कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ के आरोप में नयाब तहसीलदार सहित छह पर एफआईआर दर्ज

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सरकारी दस्तावेज में आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ के आरोप में नयाब तहसीलदार जय प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित, दिनेश व हरेंद्र और क्रेता लखमी चंद और विक्रेता अजय कुमार के खिलाफ सैंट्रल थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश पर हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7ए के अंतर्गत संबंधित अधिकारी कर्मचारी, क्रेता-विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि दस्तावेज संख्या 11227 दिनांक 08.01.2074 की जो इंडोस्मेट की कॉपी जो कंप्यूटर से अब निकाली है उसमें रकबा मौजा बसेलवा का है जबकि रिकार्ड की ऑफिस कोपी की इंडोर्समेंट के कोलमो में मौजा, पता, प्रोपटी आई डी, प्रॉपर्टी नम्बर व मालिक के नाम को किसी प्रकार मिटाया गया है व रिकार्ड की ऑफिस कोपी के पेज नं0 2 पर मौजा भतौला लिखा हुआ है। इस दस्तावेज के साथ संबंधित विभाग की एन.डी.सी./एन.ओ.सी. भी संलग्न नहीं है। उक्त दस्तावेज के साथ आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ की गई है तथा पूरे मामले में धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है। इस प्रकार उस दस्तावेज के पंजीकरण में उस एक्ट की धारा 7ए की भी उल्लघना की गई है। जिसके तहत आईपीसी की धाराओं 420, 465, 467, 468, 471,120 क्च और हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी भी मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मुजेसर पुलिस ने बेसहारा बुजुर्ग को ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम में पहुंचाया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बुजुर्गो की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति(रजि0) ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम 2डी-ब्लॉक में आज मुजेसर पुलिस ने एक बेसहारा महिला बुजुर्ग को पहुंचाया। मुजेसर पुलिस थाना के एडिशनल एसएचओ रामकुमार व डीवीआर दीपक यादव ने आश्रम संचालक किशन लाल बजाज को बताया कि बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में संजय कालोनी पुलिस चौकी की सिपाही बबली को मिली जिसने उसे मुजेसर थाना पहुंचाया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अनिशा पत्नी दिलावर निवासी गांव नौतारा थाना दौरानिया बताया असके अलावा वह कुछ भी बताने में असमर्थ था। हमने असपास पता किया लेकिन इसके परिजनों का कोई पता नहीं लग सका अखिकार हम इसे ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम लेकर आए। किशन लाल बजाज ने पुलिस को बताया कि यहां लावारिस बुजुर्गो को पूरे मान सम्मान से रखा जाता है और उनके खाने पीने का भी प्रबंध किया जाता है। किशन लाल बजाज ने एडिशनल एसएचओ रामकुमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने भी इस बुजुर्ग को आश्रम में पहुंचाकर नेक कार्य किया है और इसे मरने से बचाया है।

# बलदेव शास्त्री मच्छगर सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बलदेव शास्त्री गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ के स्नातक है।उनकी प्रथम नियुक्ति पलवल के गांव धतीर में हुई थी।आज 32 वर्ष 5 महीने की लम्बी सेवा के बाद बल्लभगढ़ के मच्छगर गांव के सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए है।

उनका सेवानिवृत्त समारोह गांव मच्छगर के सरकारी स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समारोह में जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद सामाजिक संस्था के प्रधान सन्तसिहं हुड्डा व प्रवक्ता रोहित कुमार ने टीम सहित स्मृति चिन्ह भेंट कर बलदेव शास्त्री जी को सम्मानित किया।

संस्कृत के अध्यापक डाक्टर मनुबोध शास्त्री , प्रमोद शास्त्री व अर्जुन देव शास्त्री ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक अनिल कुमार व सुषमा रानी ने शास्त्री जी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं देते हुए बंधाईया दी ओर अतिथि का आभार व्यक्त किया।समारोह में सभी ने शास्त्री जी की दीर्घायु की प्रार्थना कर बंधाईया व शुभकामनाएं दी।समारोह में मुख्य रूप से विद्यालय के मुख्य अध्यापक अनिल कुमार व सुषमा रानी, प्रवक्ता शानो त्यागी, अनिल शर्मा, गुरमुख व विद्यालय के समस्त अध्यापकण ओर गांव के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए उपलब्ध सक्षम एप से विभिन्न सुविधाएं : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

## कहा, पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन तक ऐप द्वारा मिलेंगी सुविधाएं



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता अब बेहद आसान तरीके से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। इस काम में सक्षम एप मदद उनकी करेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से इस ऐप को बनाया है। यह ऐप दिव्यांग और बुजुर्गों की सुविधा के लिए एक उपकरण है। दिव्यांगजन और बुजुर्ग मतदाता इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन और बुजुर्ग मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। इस ऐप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजन और बुजुर्गों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। यह ऐप नागरिकों को विभिन्न चुनाव संबंधित सेवाओं तक पहुंच में मदद करता है, जैसे की निर्वाचन के लिए पंजीकरण, मतदाता सूची की जांच, मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन इत्यादि। इसके माध्यम से लोग चुनाव से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं तक भी पहुंच सकते हैं। यह ऐप नागरिकों को सुविधा और सथिरता प्रदान करता है, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुगम और पारदर्शी होती है।

**सक्षम एप द्वारा मिलने वाली सुविधाएं -**

एप के माध्यम से दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जान सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वह मतदान केंद्र पर व्हील चेयर, पिक एण्ड ड्रॉप और सहायता के लिए भी अनुरोध कर सकते है। एप के द्वारा वह मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के साथ साथ मतदान केंद्र, बूथ की पता और उम्मीदवार का विवरण जान सकते हैं। एप के द्वारा सूचना और शिकायत भी उपयोगकर्ता शिकायत दर्ज कर सकता है।

### सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ के आरोप में नयाब तहसीलदार, कर्मचारी, क्रेता और विक्रेता के खिलाफ दर्ज एफआईआर : जिलाधीश विक्रम सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सरकारी दस्तावेज में आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ के आरोप में नयाब तहसीलदार जय प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित, दिनेश व हरेंद्र और क्रेता लखमी चंद और विक्रेता अजय कुमार के खिलाफ सैंट्रल थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश पर हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7 के अंतर्गत संबंधित अधिकारी कर्मचारी, क्रेता-विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि दस्तावेज संख्या 11227 दिनांक 08:01.2024 की जो इंडोस्टेट की कॉपी जो कंप्यूटर से अब निकाली है उसमें रकबा मौजा बसेलवा का है जबकि रिकार्ड की ऑफिस कॉपी की इंडोर्समेंट के कोलमो में मौजा, पता, प्रॉपर्टी आई डी, प्रॉपर्टी नम्बर व मालिक के नाम को किसी प्रकार मिटाया गया है व रिकार्ड की ऑफिस कॉपी के पेज नं 2 पर मौजा भतौला लिखा हुआ है। इस दस्तावेज के साथ संबंधित विभाग की एन.डी.सी./एन.ओ.सी. भी संलग्न नहीं है। उक्त दस्तावेज के साथ आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ की गई है तथा पूरे मामले में धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है। इस प्रकार उस दस्तावेज के पंजीकरण में उस एक्ट की धारा 7 की भी उल्लंघना की गई है। जिसके तहत आईपीसी की धाराओं 420, 465, 467, 468, 471,120 ब्क और हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी भी मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# लोकतंत्र के महापर्व में युवा निभाए अपनी विशेष भागीदारी : एसडीएम अमित मान



### ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें युवा : लोकेश राजपूत

### स्वीप एक्टिविटी के तहत मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में चुनाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टीविटी के तहत एसडीएम बड़खल अमित मान कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 भारतीय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। यह चुनाव लोकतंत्र के मूल तत्वों में से एक है, जिसमें लाखों भारतीय नागरिक अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान करते हैं। मतदाता जागरूकता अभियान/ स्वीप गतिविधियों के तहत आज मंगलवार को एसडीएम बड़खल अमित मान और स्वीप एक्टिविटी के ब्रांड अम्बेसेडर लोकेश राजपूत ने मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एसडीएम बड़खल अमित मान बताया कि हरियाणा में पहली बार वोटरों की सहूलियत के लिए क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लिकेशन सिस्टम तैयार किया है। इस ऐप के जरिए मतदाता को वोट डालने के लिए अपनी बारी का पता लगा सकेगा और उसे लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और साथ ही चुनाव आयोज ने नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नामक नया मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। जिसके माध्यम से मतदाताओं को यह पता लगाने में सक्षम करेगा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में किसी चुनावी उम्मीदवार का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं।

स्वीप के ब्रांड एम्बेसडर लोकेश राजपूत ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी बस इतनी रखनी है कि अपने अपने परिवारों के व जान पहचान के लोगों के साथ आगामी 25 मई को वोट डालने मतदान केंद्र पर जरूर जाए। बदलाव खुद से ही होता है। इसलिए सबसे पहले अपने परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व पर मत डालना सुनिश्चित करे। युवा मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन और लालच के स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए स्वयं तत्पर रहना है और अपने गली-मोहल्ले में भी सभी मतदाताओं को जागरूक करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के नौजवानो में ऊर्जा अधिक होती है। उन्हें इस ऊर्जा को सही जगह लगाना चाहिए। जिससे उनका और भारत देश का विकास हो सके। एक-एक वोट बहुत कीमती होती है। इसलिए अपने मत का सही प्रयोग करें।

इसके अतिरिक्त, एमआरआईआईआरएस के प्रतिभाशाली छात्र युवराज और वर्षानी ने इस विषय पर एक प्रेरणादायक तात्कालिक भाषण दिया, जिससे दर्शकों को परिवर्तन के सक्रिय एजेंट बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बाद में, स्टूडेंट इलेक्टोरल अवेयरनेस क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह मथारौ ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और एक बेहतर और अधिक समावेशी राष्ट्र को आकार देने के लिए मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन मतदान करने की शपथ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# डमी वॉलंटियर्स को भेज चेक पॉइंट्स का किया जाएगा निरीक्षण : लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक, एफएसटी, एसएसटी व अन्य सभी विभागो के नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में अवैध शराब तस्करी के तमाम बिंदुओं बारे विस्तारपूर्वक समीक्षा बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा की सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है की किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। एफएसटी, एसएसटी की गठित टीम को पुलिस बल के साथ मिलकर आपकी तालमेल से काम करना है और सी विजिल पर आई शिकायतों का समाधान बढ़ाने के लिए प्रयास करने के आदेश दिए है। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को चेकिंग के दौरान 75 लाख रुपए मूल्य से अधिक की 10 हजार 500 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग टीम में बनाकर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी कार्यालय पर किसी भी पार्टी के झंडे, बैनर, पोस्टर लगाना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने हेल्पलाइन-1950, सी-विजिल एप व पोर्टल, एमसीएमसी सहित जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

### चुनाव व्यय पर्यवेक्षक पिंगिले सतीश रेड्डी और विष्णु बजाज ने जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के साथ ली समीक्षा बैठक

व्यय पर्यवेक्षक पिंगिले सतीश रेड्डी ने समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की फरीदाबाद प्रशासन ने हाल ही में साढ़े दस हजार लीटर शराब सीज करी है। लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में इतनी बड़ी सफलत प्रसाशन के हाथ लगी है। रेड्डी ने कहा की ऐसे मामलो कोई कोतूहल नही बरतना है जिस वाहन पर शक हो उससे तुरंत चेक करना है और अपराधिक गतिविधि, कानून का उल्लंघन करने या शराब आदि अधिक मात्रा में पाए जाने पर तुरंत वाहन चालक और वाहन को जब्त कर प्रसाशन को सौंप देना है। व्यय पर्यवेक्षक विष्णु बजाज के निर्देशानुसार सभी अधिकारीयों को अपनी जिम्मेदारियों को बखूभी निभाना है और साथ ही एफएसटी और एसएसटी के अधिकारियों को निर्देश दिए की नाकों पर चेकिंग के दौरान अगर कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसपर कार्यवाही के दौरान वीडियो ग्राफ़ी की जाए और कैमरामैन द्वारा बनाई गई सारी फुटेज को संभाल कर अपने पास सेफ करके रखे और एक कॉपी सीडी बनाकर कंसर्नड एआरओ को भेजनी है। समीक्षा बैठक में एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार सहित सभी एआरओ सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे।

# बुरी तरह फ्लॉप हुई आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान



**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों के बीच चर्चा में बनी हुई थी ।करण भूटानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतज़ार था। लेकिन रिलीज होने के बाद फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई और मंडे टेस्ट में बुरी तरह फ़ेल हो गयी। फिल्म के लिए लाखो का कलेक्शन करना भी भारी पड़ गया। फिल्म ने पहले दिन ही घुटने टेक लिए। 25 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म रिलीज के चार दिन में ही बुरी त्राह से फ्लॉप होती नज़र आ रही है। पहले दिन फिल्म ने महज 55 लाख रुपये की कमाई की और दूसरे दिन 79 लाख रुपये की कमाई हुई, इस साथ ही फिल्म ने कुल कमाई 2.55 करोड़ की। यह फिल्म आयुष शर्मा के करियर की तीसरी फ्लॉप फिल्म है। 'रुसलान' की कहानी की बात करें तो ये आयुष शर्मा द्वारा निभाए गए किरदार 'रुसलान' के इर्द गिर्द घूमती है। वह देश को दुश्मनों से बचाने की खातिर एक मिशन पर निकलता है। फिल्म में आयुष के अलावा श्रेया मिश्रा, विद्या मालवडे, नवाब शाह और जगपति बाबू जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाया है।

# आईसीजी ने 600 करोड़ रुपये के 86 किलोग्राम नशीले पदार्थ किए जब्त




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर समुद्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान 86 किलोग्राम के 600 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थों को जब्त किया गया और 14 सदस्यों के साथ पाकिस्तानी जहाज से चालक दल को सावधानीपूर्वक गिरफ्तार किया गया।

एटीएस और एनसीबी अधिकारियों से लैस आईसीजी जहाज राजरतन ने पहचान से बचने की कोशिशों के बावजूद संदिग्ध नाव की पहचान कर ली। समवर्ती मिशनों पर जहाजों और विमानों के बेड़े से लैस राजरतन जहाज की त्वरित प्रतिक्रिया ने दवा से भरे जहाज को घेर लिया और भागने के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध जहाज पर चढ़ गई और गहन जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। आगे की जांच और कानूनी कार्यवाही के लिए चालक दल और जहाज को फिलहाल पोरबंदर ले जाया जा रहा है।

आईसीजी और एटीएस के इस प्रकार मिलकर काम करने से पिछले तीन वर्षों में ग्यारह ऐसे सफल ऑपरेशन हुए हैं जो राष्ट्रीय उद्देश्यों के लिए तालमेल की जरूरत को दर्शाता है।

### रणबीर-आलिया ने मनाया अपनी फुटबॉल टीम के आईएसएल के फाइनल में पहुचने का जश्न

**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों बेहद खुश है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपनी फुटबॉल टीम मुंबई सिटी एफसी की जीत से काफी खुश हैं।रणबीर-आलिया फुटबॉल के बेहद शौकीन है। रणबीर-आलिया की फुटबॉल टीम मुंबई सिटी एफ़सी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल में पहुंच गई है। रणबीर-आलिया अपनी टीम की जीत से बेहद खुश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रणबीर और आलिया स्टेडियम में जश्न मनाते नज़र आ रहे है। कपल ने स्टेडियम के अंदर जाकर अपने फैंस का अभिवादन भी स्वीकार किया। रणबीर और आलिया की फुटबॉल टीम मुंबई सिटी एफसी इंडियन सुपर लीग में खेल रही है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की टीम ने सेमी फाइनल मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# कुरुक्षेत्र में होगी सुपर-100 के चयनित विद्यार्थियों की परीक्षा, नूंह के 53 विद्यार्थी होंगे शामिल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शिक्षा विभाग की तरफ से सुपर 100 योजना के तहत कोचिंग के लिए चयन का इंतजार करें छात्राओं के लिए एक खास खबर है की शिक्षा विभाग के सुपर हंड्रेड के तहत चयनित विद्यार्थियों को रेवाड़ी में नहीं बल्कि कुरुक्षेत्र में फ्री कोचिंग दी जायेगी।



विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से कोचिंग सेंटर को रेवाड़ी से चेंज करके कुरुक्षेत्र में शिफ्ट किया जा चुका है ,नूह जिले के बच्चों के लिए दूसरे लेवल की परीक्षा कुरुक्षेत्र में 5 से 7 मई तक होगी। जिसमें नूह जिले के 53 बच्चे तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए कुरुक्षेत्र में जाएंगे ये वो विद्यार्थी है जिन्होंने लेवल वन की परीक्षा उत्तीर्ण की हैं अब लेवल 2 की परीक्षा देंगे जो की फाइनल परीक्षा होगी। विकल्प फाउंडेशन बच्चों को पहले तीन दिन का प्रशिक्षण देगा उसके बाद ही लेवल 2 की परीक्षा ले जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने सभी ऊतीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए डटकर मेहनत करने की प्रेरणा दी और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी।

सुपर हंड्रेड कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीएसएस रामकिशन आर्य ने कहा सुपर हंड्रेड मेधावी बच्चों के लिए सपने पूरे करने का एक अच्छा मंच है ,इस परीक्षा से विद्यार्थी अपने सपने के मुकाम को जल्दी पा सकेंगे। राजकीय स्कूलों के छात्र सरकार की मदद से अपनी उच्च शिक्षा जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग की मुख्य परीक्षाओं की कोचिंग मुफ्त में प्राप्त कर सकेंगे। तैयारी करने वाले सभी छात्रों को मुफ्त रहने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी ,वहीं छात्रों को फ्री किताबे एवम कोचिंग फ्री में दी जाएगी। इसके अलावा आर्य ने बताया कि जो बच्चे कुरुक्षेत्र के लिए जाएंगे वह अपने साथ आधार कार्ड ओरिजिनल रूप व एक फोटोकॉपी ,दो पासपोर्ट साइज फोटो ,दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड ओरिजिनल एवम फोटोकॉपी एवम सुपर हंड्रेड लेवल टू का एडमिट कार्ड साथ लेकर जाए तभी वहां तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवम लेवल दो की परीक्षा दे पायेंगे।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीओ-एपीओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल की अध्यक्षता में ईवीएम व वीवीपैट का ऑन हैंड प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त टीम के सदस्यों एवम मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट की संपूर्ण प्रक्रिया बारे बारीकी से जानकारी दी गई। ईवीएम और वीवीपैट मशीन को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्हें मतदान के दिन किस तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल करना है, किस तरह से पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मॉक पोल करना है, आदि गतिविधियों की जानकारी दी गई। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल नूंह एसडीएम ने पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करवाना बहुत ही संवेदनशील व जिम्मेदारी का काम है। पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को यह कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागी




पीओ-एपीओ को मॉक पोल, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं-40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने, ईडीसी के लिए फार्म 12-ए, पोस्टल बैलेट के लिए फार्म 12, मतदान केंद्र से संबंधित विभिन्न फार्म के बारे में आवश्यक जानकारी भी दी। साथ ही मॉक पोल की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से समझाया गया

**मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में प्रचार-सामग्री नहीं होनी चाहिए**

प्रशिक्षण के दौरान एआरओ एसडीएम विशाल ने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे से शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी।

इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में मतदान प्रक्रिया का विशेष महत्व है। ऐसे में पोलिंग स्टाफ को मतदान केंद्र पर ऐसा कोई भी आचरण नहीं करना चाहिए जिससे मतदान की पवित्रता पर संशय पैदा हो। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की प्रचार-सामग्री नहीं होनी चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बताया की प्रशिक्षण के प्रतिदिन दो बैच चलाए जा रहे है जिसमे एक बैच सुबह 10 बजे एवम एक बैच दोपहर एक बजे तक चलाया जा रहा है एक बैच में 200 कर्मचारीयों को बारीकी से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 मई तक चलेगा। वहीं अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी किया जा रहा है। डीईओ ने बताया की सभी कर्मचारीयों को प्रशिक्षण के साथ स्वीप कार्यक्रम के साथ ईमानदारी, तत्परता, निष्पक्षता से मतदान करवाने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान इलेक्शन कानूनगो राजेन्द्र सिंह हुड्डा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# मोबाइल एप के माध्यम से मतदाता घर बैठे जान सकते हैं चुनाव संबंधी लेटेस्ट अपडेट

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 साल का कोई भी युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार

**ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बनाया कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन**

भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपतति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपतति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

**वोटर हेल्पलाइन एप से डाउनलोड करें मतदाता स्लिप**

जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडक़र अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया है। इस एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप और उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नूंह में हलवाई की दुकानों पर की छापेमारी

## मिठाइयों और दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे, भारी गड़बड़ी की आशंका

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को नूंह में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से हलवाई की दुकानों पर छापेमारी कर मिठाइयों और दूध पनीर के नमूने लिए गए। इस दौरान हलवाई की दुकानदारो के मालिकों में हड़कंप मच गया। जो छापेमारी की सूचना मिलने पर अपने-अपने मिष्ठान भंडार को बंद कर लापता हो गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा ले गए पदार्थ के नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि मिठाइयों में मिलावटी की आशंका है।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चौहान ने बताया कि नूंह जिले के ग्रामीण इलाकों में मिठाइयों की दुकानों पर मिलावटी की जा रही है, जिसको लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिठाइयों की दुकान पर छापेमारी की गई। नूंह जिले के गांव बीबीपुर गांव में मिष्ठान भंडार मालिक दुकान को बंद कर कर भाग गया लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकान से मिठाइयों के सैंपल ले लिए गए हैं। वही गांव सुडाका मोहमद आवेश मिष्ठान भंडार, में दो दुकानों पर छापेमारी की गई जिसमें खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाइयों के साथ साथ दूध पनीर आदि के सैंपल ले लिए हैं। छापेमारी के दौरान लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जो भी शिकायत मिलती है,विभाग की ओर से कड़ा संज्ञान लिया जाता है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चौहान ने कहा है कि अगर किसी कहीं कोई कमी मिलती है तो उनकी शिकायत हमारे कार्यालय में आकर कर सकता है। और आगे भी इस तरह की कार्रवाई नूंह जिले में करते रहेंगे।

# चुनाव ड्यूटी में न बरतें लापरवाही : धीरेंद्र खड़गटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा में होने वाले आम चुनाव में लापरवाही या देरी बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्हें सौंपी गई ड्यूटी का निर्वहन करना जरूरी है। कोताही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ चुनाव अधिनियम-1951 में दी गई शक्तियों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र



खड़गटा ने जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी को गंभीरता व निष्पक्षता से निभाने के निर्देश दिए हैं। आदेशों में कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव बेहद नतदीक है। चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों, वाहनों व अन्य उपकरणों की आवश्यकता होती है। कई बार देखने में आया है कि जिला के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी कारण के जानबूझकर चुनाव ड्यूटी देने में असमर्थता व्यक्त करते हैं, जिससे चुनाव कार्य में बाधा आने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा है कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में वाहनों और उपकरणों आदि को सही व चालू हालत में रखना सुनिश्चित करें और चुनाव प्रक्रिया के लिए मांग अनुसार तुरंत कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, वाहनों और उपकरणों को उपलब्ध करवाएं। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि चुनाव ड्यूटी में लापरवाही या देरी बरतने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को चुनाव अधिनियम 1951 के तहत सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है।

# टी -20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से शुरू हो रहे वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है।बीसीसीआई ने मंगलवार को टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 मेंबर्स वाला स्कॉड जारी किया है। इसमें 25 मई तक बदलाव किया जा सकता है। IPL में बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे संजू सैमसन और ऋषभ पंत को विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। पेस बॉलिंग ऑलराउंडर की कैटेगरी में हार्दिक पंड्या के साथ-साथ शिवम दुबे भी चुने गए हैं। शुभमन गिल और रिंकू सिंह मुख्य स्क्वॉड में जगह नहीं बना पाए हैं। शुभमन और रिंकू ट्रैवलिंग रिजर्व का हिस्सा बनाए गए हैं।




**पाकिस्तान से 9 जून को भिड़ेगी टीम इंडिया**

टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा।

**कनाडा और अमेरिका के बीच होगा ओपनिंग मैच**

इस बार टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच डलास में होगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। सुपर-8 और नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होंगे।

# एक्सीडेंट में एक महिला की मौत

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह की तिरंगा के पास एक महिला का रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। बताया जा रहा है की महिला स्कूल में अपने दो बच्चों को छोड़ने के लिए गई थी। जैसे ही महिला तिरंगा पार्क के समीप पहुंची सामने से आ रही तेज रफ्तार से इको गाड़ी एच आर 27 सी जेड 1214 ने जोर दार टक्कर मार दी। जिसमे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। और गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि महिला बालाजी पेट्रोल पंप नूंह के पास रहने वाली थी। जिसकी के की शादी 12 साल पहले हुई थी जिसके दो बच्चे थे। लड़की की उम्र 10 साल और लड़के की उम्र 6 साल बताई गई। जैसे ही इस घटना के बारे में परिजनों को जानकारी मिली तो परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। ओर नजदीकी पुलिस को इस घटना के बारे में बताया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम करने के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। नूंह पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

# बैसाख में गर्मी ने दिखाने शुरू किए तेवर

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बैसाख माह के पहले पखवाडे में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गर्मी के चलते दोपहर के समय कनीना की सडकें सूनी दिखाई देने लगी हैं। ज्येष्ठ मास में सडक से निकलने वाली लपटें पहले ही दिखाई देन लगी हैं। ईधर कनीना विकास खंड के 53 गावों में बने अधिकांश जोहड बिना पानी के सूखे पडे होने से पशु-पक्षी पानी की तलाश में ईधर-उधर भटक रहे हैं। मंगलवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री व अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 209 दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. विकास कुमार ने बताया कि पशिचमी विक्षोभ सक्रिय होने से 4-5 मई तक तापमान में उतार-चढाव देखने को मिलेगा।







